संलग्नक -2

**मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर की वित्त समिति की दिनांक 08.06.2018 को विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयन्ती सभागार में प्रातः 10.00 बजे सम्पन्न हुई 2018/2 (ग्यारहवीं) बैठक की कार्यवृत्त।**

बैठक में उपस्थिति निम्नवत् रही :–

1. प्रो0 श्री निवास सिंह — अध्यक्ष
   कुलपति,
   मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर।

2. डा0 सरोज कुमार — सदस्य
   विशेष सचिव, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश, शासन
   लखनऊ।

3 श्री वीरेन्द्र चौबे प्रतिनिधि प्रमुख सचिव (वित्त) — सदस्य
   वित्त विभाग, उत्तर प्रदेश, शासन
   लखनऊ।

4. प्रो0 राम अचल सिंह, — सदस्य
   पूर्व कुलपति राम मनोहर लोहिया विश्वविद्यालय,
   फैजाबाद।

5. प्रो0 के0जी0 उपराध्याय — सदस्य
   विद्युत अभियंत्रण विभाग,
   मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,
   गोरखपुर

6. प्रो0 यू0सी जायसवाल, — सदस्य
   कुलसचिव,
   मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,
   गोरखपुर।

7. प्रो0 डी0के0 सिंह — विशेष आमंत्रित सदस्य
   अधिष्ठाता फैक्लटी अफेयर,
   मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,
   गोरखपुर

8. प्रो0 डी0के0 द्विवेदी, — विशेष आमंत्रित सदस्य
   अधिष्ठाता परास्नातक,
   मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,
   गोरखपुर।

9. प्रो0 आर0के0 चौहान, — विशेष आमंत्रित सदस्य
अधिष्ठाता स्नातक,
मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,
गोरखपुर।

10. श्री राम दुलार, — विशेष आमंत्रित सदस्य
अधिष्ठाता नियोजन,
मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,
गोरखपुर।

11. प्रो0 ए0एन तिवारी , — विशेष आमंत्रित सदस्य
अधिष्ठाता छात्र कल्याण मामले,
मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,
गोरखपुर।

12. श्री जयराम सिंह, — सदस्य/सचिव
वित्त नियंत्रक,
मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,
गोरखपुर।

**वित्त समिति की ग्यारहवीं बैठक की कार्यवृत्त निम्नवत् है।**

**11–01 वित्त समिति की दिनांक 28.2.2018 को सम्पन्न हुई दशम् बैठक की कार्यवृत्ति पुष्टि का प्रस्ताव।**

समिति को अवगत कराया गया कि वित्त समिति की दशम् बैठक की कार्यवृत्त सभी सदस्यो को प्रेषित की गई थी, जिस पर मा0 सदस्यो द्वारा कोई आपत्ति दर्ज नही कराई गई। अतः समिति द्वारा प्रस्तुत विवरण के अवलोकनोपरान्त वित्त समिति की दशम् बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि की गयी।

**11–02 मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की वित्त समिति की दशम् बैठक मे लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही का विवरण।**

समिति द्वारा वित्त समिति की नवम् बैठक मे लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही के विवरण का अवलोकन करते हुए सन्तोष व्यक्त किया गया।

11–03 **विश्वविद्यालय का वर्ष 2017–18 का अनुमोदित बजट के सापेक्ष वास्तविक व्यय का विवरण अवलोकनार्थ।**

समिति द्वारा वर्ष 2017–18 के अनुमोदित बजट के सापेक्ष आय–व्यय विवरण का अवलोकन किया गया।

11–04 **विश्वविद्यालय में विभिन्न निर्माण कार्य हेतु शासन द्वारा प्राप्त अनुदान के सापेक्ष कार्यदायी संस्था को किये गये भुगतान की सुचना।**

समिति उक्त सूचना से अवगत हुई।

11–05 **विश्वविद्यालय संस्थान में कार्यरत शिक्षकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियो को मेडिक्लेम के बीमा प्रीमीयम पर हेतु व्यय की गई धनराशि अधिकतम रु. 10000.00 प्रतिपूर्ति किये जाने के सम्बन्ध में प्रस्ताव।**

समिति द्वारा विचारोपरान्त संस्थान में कार्यरत शिक्षकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियो को मेडिक्लेम के बीमा प्रीमीयम पर व्यय की गई धनराशि अधिकतम रु. 10000.00 प्रति वर्ष प्रतिपूर्ति किये पर अनुमोदन प्रदान किया गया। व्यय का वहन धन की उपलब्धता/आवश्यकता अनुसार प्राविधानित बजट/अपने श्रोतो से किया जायेगा।

11–06 **विश्वविद्यालय परिसर में विभिन्न प्रकार के फलों की बिक्री हेतु निविदा आमन्त्रित कर की, गयी कार्यवाही की सूचना का प्रस्ताव।**

समिति फलों की बिक्री/निलामी हेतु कृत कार्यवाही से अवगत होते हुए प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

11–07 **स्नातक/परास्नातक छात्र/छात्राओं एवं अतिथि शिक्षकों को देश के अन्दर संगोष्ठी इत्यादि में प्रतिभाग किये जाने पर अधिकतम रु. 10000.00 के भुगतान का प्रस्ताव।**

समिति द्वारा प्रस्ताव पर विचारोपरान्त स्नातक/परास्नातक छात्र/छात्राओं एवं अतिथि शिक्षकों को देश के अन्दर संगोष्ठी इत्यादि में प्रतिभाग किये जाने पर अधिकतम रु. 10000.00 के भुगतान किये जाने के प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

11–08 **संस्थान के विभिन्न छात्रावासों में तख्त,कुर्सी,मेज,वाटर कूलर एवं डीप फ्रीजर आदि के क्रय का प्रस्ताव।**

समिति द्वारा प्रस्ताव पर विचारोपरान्त विभिन्न छात्रावासों में आवश्यकता के दृष्टिगत तख्त,कुर्सी,मेज,वाटर कूलर एवं डीप फ्रीजर क्रय किये जाने के प्रस्ताव रु. 53.90 लाख पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

11–09 **कम्प्यूटर इंजी0 विभाग हेतु फेकेल्टी केबिन बनाने एवं कम्प्यूटर,टेबल,कुर्सी तथा ए0सी0 के कय का प्रस्ताव।**

समिति द्वारा कम्प्यूटर इंजी0 विभाग हेतु फेकेल्टी केबिन बनाने एवं कम्प्यूटर, टेबल, कुर्सी तथा ए0सी0 के कय किये जाने के प्रस्ताव रु. 14.28 लाख पर अनुमोदन प्रदान किया गया। व्यय का वहन धन की उपलब्धता/टेक्विप मद से किया जायेगा।

11–10 **यांत्रिक अभियंत्रण विभाग हेतु कम्प्यूटर, प्रिन्टर, फर्नीचर, ए0सी0 के कय का प्रस्ताव।**

समिति द्वारा यांत्रिक अभियंत्रण विभाग हेतु कम्प्यूटर, प्रिन्टर, फर्नीचर, ए0सी0 के कय किये जाने के प्रस्ताव पर रु. 83.75 लाख पर अनुमोदन प्रदान किया गया। व्यय का वहन धन की उपलब्धता/आवश्यकता अनुसार व्यय किया जायेगा।

11–11 **विद्युत कण विभाग हेतु विभिन्न प्रकार के साफ्टवेयर, डिजाइनिंग, इनोवेशन, नेटवकिंग कय का प्रस्ताव।**

समिति द्वारा विद्युत कण विभाग हेतु विभिन्न प्रकार के साफ्टवेयर, डिजाइनिंग, इनोवेशन, नेटवकिंग कय किये जाने के प्रस्ताव रु. 192.87 लाख पर अनुमोदन प्रदान किया गया। व्यय का वहन धन की उपलब्धता अनुसार रुसा/टेक्विप/प्रावधानिक बजट से व्यय किया जायेगा।

11–12 **विद्युत अभियंत्रण विभाग में शोध लैब हेतु कम्प्यूटर तथा कम्प्यूटर टेबल के कय का प्रस्ताव।**

समिति द्वारा विद्युत अभियंत्रण विभाग में शोध लैब हेतु कम्प्यूटर तथा कम्प्यूटर टेबल के कय किये जाने के प्रस्ताव रु. 10.50 लाख पर अनुमोदन प्रदान किया गया। व्यय का वहन धन की उपलब्धता/आवश्यकता अनुसार व्यय किया जायेगा।है।

11–13 **केमिकल इंजी0 विभाग हेतु साफ्टवेयर, एवं विभिन्न प्रयोगशालाओं हेतु कम्प्यूटर/ उपकरण/ फर्नीचर आदि के कय का प्रस्ताव।**

समिति द्वारा केमिकल इंजी0 विभाग हेतु साफ्टवेयर, एवं विभिन्न प्रयोगशालाओं हेतु कम्प्यूटर/उपकरण/फर्नीचर आदि के कय किये जाने के प्रस्ताव रु. 114.50 लाख पर अनुमोदन प्रदान किया गया। व्यय का वहन धन की उपलब्धता/आवश्यकता अनुसार टेक्विप/विश्वविद्यालय के मद से व्यय किया जायेगा।

11–14 **विश्वविद्यालय में संबिदा वाहन चालक श्री मोहित यादव के मासिक पारिश्रमिक वृद्वि का प्रस्ताव।**

समिति द्वारा संबिदा वाहन चालक श्री मोहित यादव के मासिक पारिश्रमिक रु. 8500.00 से बढाकर रु. 15000.00 किये जाने के प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

11–15 विश्वविद्यालय के नये प्रशासनिक भवन के निर्माण का प्रस्ताव।

समिति द्वारा विचारोपरान्त प्रशासनिक भवन के निर्माण के प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

11–16 विश्वविद्यालय में 210 क्षमता वाले महिला छात्रावास के निर्माण का प्रस्ताव।

समिति द्वारा विचारोपरान्त विश्वविद्यालय में 210 क्षमता वाले महिला छात्रावास के निर्माण कार्य पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

11–17 विश्वविद्यालय में 06 अदद पुरुष छात्रावास के चहारदीवारी निर्माण कार्य का प्रस्ताव।

समिति द्वारा विचारोपरान्त प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

11–18 विश्वविद्यालय के निष्प्रयोज्य सामग्रियों के नीलामी हेतु गठित समिति द्वारा की गयी कार्यवाही की सूचना।

समिति द्वारा कृत कार्यवाही का अवलोकन किया गया।

11–19 विश्वविद्यालय को शासन से प्राप्त अनुदान रु. 750.00 लाख राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (रुसा) के अर्न्तगत प्रस्तावित कार्यो के लिए कार्यदायी संस्थान के चयन का प्रस्ताव।

समिति द्वारा प्रस्ताव पर अवलोकनोपरान्त कार्यदायी सस्थाओं के नामांकन पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

11–20 पं0 मदन मोहन मालवीय जी की प्रतिमा एवं इसके आस–पास के स्थल के सौन्दर्यीकरण कराये जाने का प्रस्ताव।

समिति द्वारा मदन मोहन मालवीय जी के प्रतिमा एवं उसके आस–पास के स्थल के सौन्दर्यीकरण कराये जाने के प्रस्ताव रु. 9.95 लाख पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

11–21 विश्वविद्यालय की वर्ष 2017–18 के वैलेन्सशीट/बैंक समाधान विवरण का अवलोकन एवं अनुमोदन का प्रस्ताव।

समिति द्वारा विश्वविद्यालय की वर्ष 2017–18 की वैलेन्सशीट/समाधान विवरण पर अवलोकनोपरान्त अनुमोदन प्रदान किया गया।

11—22 अध्यक्ष महोदय के अनुमति से प्रस्तुत अन्य प्रस्ताव।

क. मा0 कुलपति महोदय के लिए वाहन कय का प्रस्ताव।

समिति द्वारा मा0 कुलपति महोदय के लिए वाहन कय किये जाने के प्रस्ताव पर यह संस्तुति की गयी कि निष्प्रयोज्य वाहन के स्थान पर मा0 कुलपति महोदय के लिए नया वाहन कय किया जा सकता है तथा शासनादेश संख्या—1/2015/403/18—2—15—125(ल0उ0)/2014 दिनांक 22 मई 2015 में विभागाध्यक्ष हेतु वाहन कय करने की अधिकतम मूल्य सीमा रु. 14.00 लाख को शिथिल करते हुए रु. 19.68 लाख के अर्न्तगत वाहन कय हेतु प्रबन्ध बोर्ड की अनुमति प्राप्त करते हुए उक्त से शासन को सूचित कर दिया जाय।

उपरोक्त व्यय विश्वविद्यालय द्वारा अपने श्रोतो/आय से किया जायेगा।

ख. विश्वविद्यालय के वाहन संख्या—यू0पी053टी0—2787 को निष्प्रयोज्य घोषित कर नई बस कय किये जाने का प्रस्ताव।

समिति द्वारा प्रस्ताव पर विचारोपरान्त पुरानी बस संख्या—यू0पी053टी0—2787 को निष्प्रयोज्य घोषित कराते हुए नई बस कय किये जाने के प्रस्ताव रु. 22.00 लाख पर अनुमोदन प्रदान किया गया। इसका वहन विश्वविद्यालय द्वारा अपने श्रोतो से किया जायेगा।

बैठक अन्त में, अध्यक्ष महोदय को धन्यबाद सहित समाप्त हुई।

08.6.2018
(जयराम सिंह)
सदस्य/सचिव

अनुमोदित
8.6.2018
(प्रो0 श्रीनिवास सिंह)
कुलपति/अध्यक्ष